


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,शनिवार,27,सितम्बर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


## यूपी: प्रदेश के लोगों को दिवाली के दो तोहफे

### अक्तूबर में कम आएगा बिजली का बिल; इन्हें मिलेगा गैस सिलिंडर



यूपी के लोगों को दिवाली में दो तोहफे मिलेंगे। अक्तूबर के महीने में प्रदेश वासियों का बिजली का बिल कम आएगा। साथ ही उज्ज्वला लाभार्थियों को गैस सिलिंडर मिलेगा। बिजली उपभोक्ताओं को अक्तूबर माह में बड़ी राहत मिलने जा रही है। जुलाई 2025 का ईंधन अधिभार शुल्क अक्तूबर में वसूला जाएगा, जो करीब 1.63 फीसदी कम होगा। इससे उपभोक्ताओं पर लगभग 113.54 करोड़ रुपये का आर्थिक भार कम होगा। प्रदेश में हर माह ईंधन अधिभार

## बीएसए-प्रिंसिपल विवाद: योगी सरकार के मंत्री आए शिक्षक के समर्थन में



**BSA-Principal** controversy:सीतापुर के चर्चित बीएसए-प्रिंसिपल विवाद के बीच योगी सरकार के मंत्री आशीष पटेल प्रिंसिपल के पक्ष में खड़े दिख रहे हैं।प्राथमिक विद्यालय नदवा मामले में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल का पोस्ट वायरल हो रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि सीतापुर का शिक्षक प्रकरण बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षक को इस हद तक प्रताड़ित किया गया कि उन्होंने अपना आपा खो दिया। मात्र 20 सेकेंड की वीडियो क्लिप के आधार पर शिक्षक को एकतरफा दोषी ठहरा देना उचित नहीं है। बीएसए ऑफिस में प्रवेश करने से लेकर अंत तक की सारी सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन के आधार पर ही जो भी दोषी हो, उस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से वार्ता की बात भी लिखी है। घटना की उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट ने बीएसए की पीटने वाले शिक्षक के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा की अगुवाई में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर ज्ञापन दिया। कहा कि



सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो को सुनकर लगता है कि शिक्षक को बीएसए की ओर से प्रताड़ित किया जा रहा था। इसलिए इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। महानिदेशक से मिलकर बीएसए के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। कई शिक्षक मौजूद रहे।

## Pakistan: 'हाइब्रिड मॉडल से चल रहा है पाकिस्तान

### सेना और सरकार मिलकर करते हैं शासन', ख्वाजा आसिफ का कबूलनामा



Pakistan-China And US Relations: पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के इन बयानों ने एक बार फिर यह साफ कर दिया है कि पाकिस्तान की सत्ता में सेना और सरकार की साझेदारी है। वहीं पाकिस्तान की विदेश नीति में चीन की प्राथमिकता कायम है, जबकि अमेरिका के साथ रिश्ते जरूरत के हिसाब से आगे बढ़ाए जा रहे हैं।पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि देश में शासन का संचालन 'हाइब्रिड मॉडल' के तहत होता है, जहां सेना और नागरिक सरकार मिलकर फैसले लेती है। आसिफ ने यह बयान एक पत्रकार को दिए एक साक्षात्कार में दिया है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान की सत्ता में सेना का दखल है और निर्णय सहमति से लिए जाते हैं।जब ख्वाजा आसिफ से पूछा गया कि पाकिस्तान में सेना प्रमुख का प्रभाव इतना ज्यादा क्यों है कि रक्षा मंत्री भी उसके अधीन दिखाई देते हैं। इस पर आसिफ ने कहा, 'यह पूरी तरह समान नहीं है, लेकिन फैसले सहमति से लिए जाते हैं। हम असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में सामूहिक निर्णय ही लागू होता है।' जब उनसे तुलना की गई कि अमेरिका में रक्षा मंत्री के पास जनरलों को बर्खास्त करने का अधिकार होता है, जबकि पाकिस्तान में ऐसा नहीं है, तो आसिफ ने अमेरिका की व्यवस्था को 'डीप स्टेट' कहकर टाल दिया।इस दौरान ख्वाजा आसिफ से पाकिस्तान के अमेरिका और चीन के बीच संतुलन पर भी सवाल पूछा गया। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की मेजबानी की थी। इस पर पूछा गया कि क्या अमेरिका से बढ़ते संबंध चीन

## बरेली बवाल में बड़ा खुलासा

### UP: नाबालिगों को ढाल बनाकर खुराफातियों ने पुलिस पर बरसाए पत्थर




बरेली हिंसा में बड़ा खुलासा हुआ है। खुराफातियों ने नाबालिग लड़कों को ढाल बनाकर पुलिस पर पत्थर बरसाए थे। जिसके बाद माहौल बिगड़ता चला गया। पथराव के बाद ही पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया।मौलाना तौकीर के बुलावे पर जुटी भीड़ ने नाबालिगों को आगे कर अपने मंसूबों को अंजाम दिया। इस्लामिया मैदान पहुंचने की होड़ में भीड़ अफसरों और फोर्स की मौजूदगी में ही अराजकता पर उतारू हो गई। नावल्टी तिराहे के पास पुलिस अफसरों पर पथराव शुरू कर दिया। तब पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। नौमहला मस्जिद से रजा मस्जिद के बीच मौलाना तौकीर की सक्रियता वाले इलाके में शुक्रवार दोपहर 12 बजे से पुलिस टीम ने मोर्चा संभाल लिया था। इस इलाके की मस्जिदों में नमाज का वक्त आमतौर पर एक से तीन बजे तक रहता है। मौलाना इस दौरान दिखाई नहीं दिए। उनके समर्थक सुबह का उनका वीडियो देखकर दोपहर करीब एक बजे नमाज के लिए नौमहला मस्जिद की ओर जाने लगे।

## Bihar Election

### मिथिला, कोसी, सीमांचल समेत इन जिलों के BJP नेताओं के साथ बैठक करेंगे अमित शाह, देंगे यह टास्क




Amit Shah Bihar Visit: गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पिछले आठ दिनों में वह दूसरी बार बिहार आए हैं। शुक्रवार को बेतिया और पटना में बैठक के बाद आज वह समस्तीपुर और अररिया जाएंगे। यहां भाजपा नेताओं के साथ संवाद करेंगे और उन्हें विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र देंगे।गृह मंत्री अमित शाह बिहार दौरे पर हैं। शुक्रवार को उन्होंने सारण और चंपारण के नेताओं के साथ बेतिया में बैठक की। इसके बाद पटना में भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक की। आज यानी शनिवार को मिथिला, कोसी, सीमांचल और अंग प्रदेश के 70 से विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की तैयारियों का जायजा लेंगे।

# Aaj Ka Rashifal 27 September

## वृश्चिक सहित इन 3 राशि वालों की बढ़ेगी इनकम और मिलेगी तरक्की,

27 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 27 सितंबर 2025 का राशिफल।को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है




### मेष

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने आलस को अपने ऊपर हावी होने न दे। लंबे समय से रुकी हुई योजनाएं पूरी हो सकती हैं। आपको अपनी वाणी व व्यवहार में स्पष्टता बनाए रखनी होगी और खर्चों के साथ-साथ आपको बचत पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं और आपकी संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश करेगी, जिसको आप पूरा अवश्य करेंगे।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का आपको मौका मिलेगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपका सामाजिक दायरा भी बढ़िया रहेगा। भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। मन में चल रही उलझनों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं।

### मिथुन

आज आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। सुख साधनों में वृद्धि होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम को लेकर कोई सलाह बहुत ही सोच समझ कर लेनी होगी, क्योंकि आपके विरोधी आज मित्र बन सकते हैं। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे और कोई बड़ा काम मिलने से आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आपकी कला व कौशल में निखार आएगा।

### कर्क

आज आप अपने घर की साज-सज्जा पर अच्छा खासा खर्च करेंगे, लेकिन इनकम थोड़ी सी कम रहेगी। आपको परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। संतान के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करें और आपके परिवार का कोई सदस्य आज आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकता है। आप अपनी माताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। आपकी सेहत में भी उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

### सिंह

आज आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। व्यस्तता अधिक रहेगी और आपका मनोबल भी ऊंचा रहेगा। आपको किसी शुभ व कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपका वाहन की खराबी के कारण खर्चा बढ़ सकता है। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचानने की आवश्यकता है। आर्थिक दृष्टिकोण से किए गए प्रयास बेहतर रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को आज साथी से बार-बार मिलने का मन करेगा।

### कन्या

आज आपके अंदर प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप कुछ कानूनी मामलों में निर्णय थोड़ा धैर्य रख कर ले और आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आप अपने किसी मित्र के लिए आप कुछ रुपये का इंतजाम भी कर सकते हैं। आपको अपनी माताजी की सेहत को लेकर उनके कुछ टेस्ट आदि करने पड़ सकते हैं। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर कुछ पारिवारिक मामलों को निपटाएंगे और उन्हें शॉपिंग आदि पर भी लेकर जा सकते हैं।

### तुला

आज आप किसी बड़े लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे, जिसके लिए आप पूरी मेहनत से करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत भी आप कर सकते हैं। आध्यात्मिक के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा, लेकिन आपको किसी राजनीतिक पार्टी से बुलावा आ सकता है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से रुका हुआ था, तो आप उसे पूरा करने की भी पूरी कोशिश करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। बिजनेस करने वाले जातकों को अपनी इनकम को बढ़ाने के मौके मिलेंगे। आज आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपनी अच्छी सोच का लाभ मिलेगा। आपसे यदि कार्य क्षेत्र में किसी काम में कोई गड़बड़ी हुई थी, तो उसके लिए आपको अपने बॉस से डांट खानी पड़ सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकटा होगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके घर किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवन साथी से यदि किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आपको एक दूसरे को बेहतर जानने का मौका मिलेगा। आपको कार्यक्षेत्र में अच्छे काम के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपका बिजनेस के कामों में बदलाव आने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। आप किसी से भी कटु वचन ना बोले और वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। वरिष्ठ सदस्यों से आप काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। यदि आप कुछ खर्च करे, तो आपको अपनी इनकम को ध्यान में रखकर खर्च करना बेहतर रहेगा। पिताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपको वरिष्ठ सदस्यों की बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपका धन यदि अटका हुआ था, तो वह भी आपको मिल सकता है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती देगा। आप किसी धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। बिजनेस में आपको अच्छा लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस को लेकर यदि आप कोई बदलाव करना चाहते थे, तो वह आप कर सकते हैं। पार्टनर की इसमें आपको पूरी सहमति मिलेगी, लेकिन आप अपने दिल के बजाय दिमाग से कभी कोई निर्णय ले। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के करियर को लेकर बातचीत कर सकते हैं, जो विद्यार्थी सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं, वह अपनी मेहनत में तेजी लाएंगे। आपके परिवार के किसी सदस्य को किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आपकी सुख सुविधाओं में भी वृद्धि होगी।

आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक राशिफल को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति (अवसर और चुनौतियों) के लिए तैयार हो सकते हैं।

# Weather: बंगाल की खाड़ी में उठेंगी लहरें,

## महाराष्ट्र में फिर भारी बरसात; अभी मानसून के लौटने की संभावना नहीं




Weather Update Today : महाराष्ट्र के 31 जिलों में लगातार बारिश हो रही है। अब तक राज्य में 50 लाख हेक्टेयर की कृषि भूमि और खड़ी फसलें बरबाद हो चुकी हैं। बाढ़ प्रभावित किसानों की आर्थिक सहायता के लिए राज्य आपदा प्रबंधन कोष से 2215 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा केन्द्र से और धनराशि की मांग की गई है।बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब से मुंबई सहित महाराष्ट्र में फिर जमकर बरसात होगी। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने 26 से 29 सितंबर तक महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने का अनुमान लगाया है। वहीं, महाराष्ट्र सरकार के सूचना और जनसंपर्क महानिदेशालय ने कहा है कि राज्य में 5 अक्तूबर से पहले दक्षिण-पश्चिमी मानसून के लौटने की संभावना नहीं है।महानिदेशालय ने कहा कि दक्षिणी विदर्भ और मराठवाड़ा से लगे क्षेत्रों में 26 सितंबर अपराह्न से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। गढ़चिरौली, चंद्रपुर और यवतमाल जिले में बारिश की संभावना है जबकि मराठवाड़ा और विदर्भ के अन्य जिलों में हल्की बारिश और बादल छाए रह सकते हैं। इसके अलावा मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे घाट क्षेत्र, कोल्हापुर घाट क्षेत्र, सतारा घाट क्षेत्र, नांदेड़, लातूर, धाराशिव जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। राज्य कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे अपने कृषि कामकाज की योजना मौसम पुर्वानुमान के ध्यान में रख कर बनाए और कटी फसलों की बारिश और तेज हवाओं से रक्षा करने के प्रबंध करें। अधिकारियों ने दक्षिणी मराठवाड़ा, कोंकण और पश्चिमी महाराष्ट्र के घाट (पहाड़ी) क्षेत्रों में स्थित बांधों में जल स्तर बढ़ने के प्रति आगाह किया है, जिससे नदियों और जल धाराओं में बाढ़ आ सकती है। इस महीने में महाराष्ट्र के 31 जिलों में लगातार बारिश हो रही है।

# UP: काशी की तर्ज पर यमुना आरती,

## फतेहपुर सीकरी में लेजर लाइट एंड साउंड शो...नए साल में आगरा को मिलेंगी ये सौगात



शहर में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में विभाग जुटा हुआ है। इसी क्रम में फतेहपुर सीकरी में भी नए साल से लेजर लाइट एंड साउंड शो शुरू होगा। वहीं बटेश्वर घाट पर नए साल से काशी की तर्ज पर यमुना आरती होगी।देशभर में बढ़ते धार्मिक पर्यटन को देखते हुए शहर में भी इस ओर काम शुरू हो गया है। शिव मंदिरों का कॉरिडोर बनाकर सर्किट के रूप में विकसित करने की कवायद के बीच नए साल से काशी में होने वाली गंगा आरती की तर्ज पर बटेश्वर घाट पर यमुना आरती शुरू की जाएगी।वर्तमान में पर्यटन विभाग बटेश्वर के घाट को चौड़ा कराने के साथ ही कई तरह के विकास कार्य कर रहा है। लक्ष्य रखा गया है कि दिसंबर तक इस काम को पूरा कर नए साल से इसे लोगों को शहर में नए धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में उपलब्ध कराया जाए। चूंकि इस घाट पर एक साथ शिव के कई मंदिर हैं।ऐसे में इसे भविष्य में धार्मिक पर्यटन के सर्किट से जोड़ने की भी तैयारी चल रही है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि इसके साथ ही फतेहपुर सीकरी में लाइट एंड साउंड शो की प्रक्रिया को भी पूरा कर शुरू कराने का लक्ष्य रखा गया है। कोशिश यह है कि नए साल से आने वाले पर्यटकों को जिले में दो नए पर्यटन केंद्रों तक पहुंचाया जाए।आंकड़ों के मुताबिक साल 2024 में करीब 68 लाख देसी-विदेशी सैलानी आगरा पहुंचे

# They Call Him OG

## आंसू छलकने से लेकर थिएटर के बाहर हुई आतिशबाजी तक, ओजी देखकर फैंस ने मनाया जश्न; वीडियो वायरल




Fans Reaction On OG: फैंस का इंतजार खत्म हुआ और पवन कल्याण की 'ओजी' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब फिल्म देखने पहुंचे फैंस के जबरदस्त रिएक्शन सामने आ रहे हैं।पावर स्टार कहे जाने वाले पवन कल्याण की नई फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज बना हुआ था। यही कारण है कि फैंस बेसब्री से इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब जब फिल्म रिलीज हो चुकी है, तो दर्शक भारी संख्या में इसे देखने पहुंच रहे हैं। इस दौरान अब कई वीडियोज सामने आ रहे हैं, जिनमें कहीं फैंस फिल्म देखकर थिएटर्स में खुशी से झूमते नजर आ रहे हैं, तो कहीं उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए।

# Akhanda 2 Release Date

## नंदमुरी बालकृष्ण ने बताया कब रिलीज होगी 'अखंड 2', बोले- पहले 'ओजी' देखिए



Akhanda 2 Release Date Update: 'अखंड 2' को लेकर दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण ने फिल्म की नई रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है।अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अखंड 2' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म को पहले 25 सितंबर को ही सिनेमाघरों में रिलीज होना था। लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया।

# Bigg Boss 19

## तान्या मित्तल ने अमाल मलिक को सुनाई राधा-कृष्ण की कहानी, सिंगर बोले- त्याग ही प्यार है




इन दिनों 'बिग बॉस 19' में सिंगर अमाल मलिक और इंफ्लुएंसर तान्या मित्तल के बीच अलग ही बॉन्डिंग नजर आ रही है। दोनों को अक्सर साथ बैठकर बातें करते देखा जाता है। शो के एक प्रोमो वीडियो में तान्या, अमाल का राधा और कृष्ण की प्रेम कहानी सुनाती है। कहानी सुनकर अमाल इमोशनल नजर आते हैं।सिंगर अमाल मलिक 'बिग बॉस 18' में बतौर प्रतियोगी शामिल हुए हैं। शो में कई प्रतियोगी के बीच वह तान्या मित्तल के करीब आए हैं, उनके बीच अच्छी बॉन्डिंग दिख रही है। तान्या अपकमिंग एपिसोड में अमाल मलिक को राधा और कृष्ण की कहानी सुनाएगी। इस एपिसोड का एक प्रोमो वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में कहानी सुनते वक्त अमाल के हाव-भाव बदलते हुए दिखते हैं। वह सच्चे प्यार के बारे में अपनी सोच को भी जाहिर करते हैं। अमाल ने जब तान्या मित्तल से राधा और कृष्ण के प्यार से जुड़ी एक कहानी सुनी तो कहा, 'त्याग ही तो प्यार है।' इसके बाद वह कुछ सोचने लगते हैं।

# इन बॉलीवुड गानों के बिना अधूरा है नवरात्रि का पर्व,




Navratri Bollywood Songs: नवरात्रि का त्योहार आते ही डांडिया और गरबा उत्सव के मौके पर बजने वाले बॉलीवुड गाने भी याद आने लगते हैं। कुछ ऐसे ही गानों के बारे में आपको बताते हैं।नवरात्रि का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आता है, वैसे-वैसे दिलों में गरबा और डांडिया की धुनें गूंजने लगती हैं। यह त्यौहार मां दुर्गा की भक्ति का प्रतीक है, लेकिन इसके साथ ही यह संगीत और नृत्य से भी जुड़ा हुआ है। बॉलीवुड ने हमेशा ही नवरात्रि के रंग को और भी खास बनाया है। कई फिल्मों के गाने आज भी गरबा नाइट्स और डांडिया उत्सव में बजते हैं और माहौल को रोमांचक बना देते हैं। आइए जानते हैं उन गानों के बारे में जिनके बिना नवरात्रि की रात अधूरी मानी जाती है।जब गरबा नाइट की शुरुआत करनी हो तो सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म हम दिल दे चुके सनम के 'ढोल बाजे ढोल' से बेहतर गाना शायद ही कोई हो। इस गाने की बीट्स और पारंपरिक संगीत माहौल को जोश से भर देता है। जैसे ही ढोल की थाप सुनाई देती है, लोगों के कदम खुद-ब-खुद डांस के लिए थिरक उठते हैं। नवरात्रि के उत्सव में यह गाना हमेशा ही पहली पसंद रहता है।सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो छे'

# एक साथ दिखी 'लव एंड वॉर' की जोड़ी

## फैंस बोले- रणबीर-विक्की को 'अंदाज अपना-अपना 2' में करो कास्ट



**Love And War Due Spotted: रणबीर कपूर और विक्की कौशल ने म्यूजिकल सागा मेरा देश पहले की स्क्रीनिंग के दौरान सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। दोनों ने एक साथ पैपराजी को पोज दिया।** बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और विक्की कौशल हाल ही में म्यूजिकल 'मेरा देश पहले' के प्रीमियर में स्पॉट हुए। दोनों सितारे ब्लैक कलर की क्लासी आउटफिट्स में ट्विनिंग करते नजर आए और दोनों के बीच की दोस्ती ने लोगों का ध्यान खींचा।प्रीमियर के दौरान रणबीर और विक्की ने कैमरे को एक साथ पोज दिए। फॉर्मल ब्लैक सूट में दोनों ने साथ में कई पिक्चर्स क्लिक कराए। इस दौरान दोनों का फ्रेंडली अंदाज और मजाक-मस्ती भी खूब देखने को मिला। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में फैंस लगातार उनकी तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर दोनों स्टार्स का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। आपको बता दें दोनों जल्द गी संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म में आलिया भट्ट भी नजर आने वाली हैं। रणबीर-विक्की को एक साथ देखकर फैंस ने कई कमेंटस किए। एक यूजर ने लिखा- दोनों को अंदाज अपना-अपना 2 में कास्ट करो। वहीं एक और यूजर ने लिखा- दोनों में बहुत याराना लगता है।

# बॉबी देओल के साथ IND VS Bangladesh

## का मैच देखने पहुंचे राघव जुयाल, दुबई से वायरल हुईं तस्वीरें



सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का हिस्सा रहे बॉबी देओल और राघव जुयाल को हाल ही में दुबई में साथ देखा गया। दोनों एक्टर्स भारत बनाम बांग्लादेश मैच को देखने पहुंचे। मैच देखते हुए बॉबी, राघव की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं।बॉबी देओल और राघव जुयाल क्रिकेट फैंस हैं। दोनों को हाल ही में दुबई में भारत बनाम बांग्लादेश मैच में देखा गया। स्टेडियम से दोनों की तस्वीरें वायरल हैं। राघव और बॉबी देओल मैच को काफी एंज्वॉय करते दिखे। यूजर्स ने भी इनकी वायरल तस्वीरों को पसंद किया है। बॉबी देओल और राघव जुयाल की वायरल तस्वीरों को देखकर लगता है कि दोनों दुबई में सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' का प्रमोशन करने पहुंचे हैं। जहां पर दोनों बैठे हैं, वहां पर सीटिंग एरिया में 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' लिखा है। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के डायरेक्शन में बनी सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में लक्ष्य ने हीरो आसमान का रोल किया है। वहीं इसमें बॉबी देओल ग्रे शेड रोल में नजर आए, जो हीरो की लवर के पिता बने हैं। सीरीज में मोना सिंह, राघव जुयाल, गौतमी कपूर,

# Share Market

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन शुरुआती कारोबार में गिरावट, सेंसेक्स 141 अंक गिरा



शेयर बाजार के लिए गिरावट का सिलसिला जारी है। गुरुवार को भी यही स्थिति जारी रही। दिन के शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 141.32 अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 81,574 पर आ गया। वहीं, निफ्टी 22.4 अंक गिरकर 25,034 तक पहुंच गया।विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि की चिंता के कारण बुधवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स 386.47 अंक या 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,715.63 पर बंद हुआ था। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.60 अंक या 0.45 प्रतिशत गिरकर 25,056.90 पर आ गया था। सेंसेक्स में लिस्टेड कंपनियों में टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, टाइटन, एचसीएल टेक, टीसीएस, मारुति और इटरनल प्रमुख गिरावट वाले शेयरों में रहे। वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स और इन्फोसिस लाभ में रहे। पिछले चार कारोबारी सत्रों में बीएसई का सेंसेक्स 1,298.33 अंक (1.56%) टूटा, जबकि NSE निफ्टी 366.7 अंक (1.44%) नीचे आया। बुधवार को ही FIIs ने 2,425.75 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।इसे लेकर मेहता इक्विटीज लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट (रिसर्च) प्रशांत टेप्से ने कहा, "ट्रंप के भारी टैरिफ और नए एक लाख डॉलर के एच-1बी वीजा शुल्क से बाजार की धारणा पर दबाव है। निफ्टी को 25,300 पर मजबूत रेजिस्टेंस मिल रहा है।"दूसरी तरफ जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ़ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा, "इस साल बाजार पर सबसे बड़ा दबाव लगातार एफआईआई की बिकवाली से आया है। हालांकि, भारत में चल रहे सुधार और कम ब्याज दरें आर्थिक व कॉरपोरेट आय में वृद्धि को गति दे सकते हैं। इससे एफआईआई की वापसी संभव है।"

# IT Stocks Crashed:

## ट्रंप की H-1B Visa Policy से कोहराम, बाजार खुलते ही बिखर गए TCS, Infosys जैसे शेयर



IT Stocks Crashed: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार द्वारा एच-1बी वीजा (H-1B Visa Policy) की फीस में भारी-भरकम वृद्धि का आज बाजार में असर दिख रहा है. इसके चलते TCS, Infosys समेत सारे आईटी शेयर लुढ़के हुए हैं...IT Stocks Crashed: ट्रंप की नई वीजा नीति (Trump Visa Policy) के चलते भारतीय शेयर बाजार में आज खुलते ही आईटी क्षेत्र में कोहराम मच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुक्रवार को एच-1बी वीजा की एकमुश्त फीस को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपए) करने की घोषणा ने आईटी दिग्गजों के शेयरों को जोरदार झटका दिया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और कोफोर्ज जैसे प्रमुख कंपनियों के शेयरों में सुबह के सौदों में 6 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी आईटी इंडेक्स (Nifty IT Index) 3 फीसदी से अधिक लुढ़ककर 35,482 अंक के स्तर पर आ गया।टेक महिंद्रा के शेयर (Tech Mahindra Share Price) ने 5 फीसदी से अधिक गिरकर दिन का निचला स्तर 1,453 रुपए को छू दिया, जबकि इंफोसिस (Infosys) और टीसीएस (TCS) के शेयर एनएसई पर क्रमशः 1,482 रुपए और 3,065 रुपए पर आ गए. एचसीएल टेक (1,415 रुपये), कोफोर्ज (1,702 रुपये) और एमफेसिस (2,817 रुपये) में भी 3-3 फीसदी से अधिक की कमी देखी गई। यह गिरावट ऐसे समय आई, जब आईटी क्षेत्र वैश्विक मांग में सुधार के संकेतों से उबर रहा था, लेकिन ट्रंप की नीति ने वापस अनिश्चितता पैदा कर दी।दरअसल भारतीय आईटी कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार काफी महत्वपूर्ण है. इन कंपनियों को सबसे अधिक राजस्व अमेरिकी बाजार से प्राप्त होता है। कंपनियां अपने कर्मचारियों को अमेरिकी बाजार में ऑनसाइट काम पर भेजती हैं, जिसके लिए एच-1बी वीजा जरूरी हो जाता है. ट्रंप ने अब एक झटके में इस वीजा के शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दिया है। इस शुल्क का भुगतान कंपनियों को करना होगा. यह नया नियम रविवार से लागू हो गया है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है इन कंपनियों को सबसे अधिक राजस्व अमेरिकी बाजार से प्राप्त होता है। कंपनियां अपने कर्मचारियों को अमेरिकी बाजार में ऑनसाइट काम पर भेजती हैं, जिसके लिए एच-1बी वीजा जरूरी हो जाता है. ट्रंप ने अब एक झटके में इस वीजा के शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दिया है। इस शुल्क का भुगतान कंपनियों को करना होगा. यह नया नियम रविवार से लागू हो गया है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है

# Gold Silver Price:

## रिकॉर्ड ऊंचाई से 900 रुपये गिरा सोना, चांदी में भी 600 रुपये की नरमी, जानें आज का भाव



Gold Silver Price: सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु की कीमत 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। वहीं चांदी 600 रुपये घटकर 1,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।अमेरिकी फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा ब्याज दरों में कटौती को लेकर सतर्क रुख अपनाने के बाद व्यापारियों द्वारा ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली करने से बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु की कीमत 900 रुपये की गिरावट के साथ 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना को 900 रुपये गिरकर 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं सफेद धातु 600 रुपये घटकर 1,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि डॉलर में सुधार और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा मंगलवार को दिए गए भाषण में की गई आक्रामक टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से थोड़ी नीचे आ गई हैं। गांधी ने कहा कि बुधवार को मामूली गिरावट के बावजूद, जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण सुरक्षित निवेश बहुमूल्य धातुओं की ओर बढ़ रहा है, जिससे सर्राफा कीमतों में बड़े सुधार को रोकने में मदद मिलेगी।विदेशी बाजारों में हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 3,760.36 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। मंगलवार को यह 3,791.11 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया था। हाजिर चांदी 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 43.87 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मंगलवार को यह सफेद धातु 44.48 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी।

# Business Roundup:

## लगातार चौथे दिन गिरा शेयर बाजार; सोना-चांदी रिकॉर्ड हाई से नीचे, यहां पढ़ें कारोबार की खबरें




Business Roundup: बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट आई। इस बीच, रुपया शुरुआती निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर लगभग स्थिर बंद हुआ। बिजनेस राउंडअप में पढ़ें कारोबार जगत की खबरें एक ही क्लिक में।भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ी कई खबरें मंगलवार को कारोबार जगत की सुर्खियां बनीं। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। डॉलर में सुधार और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा मंगलवार को दिए गए भाषण में की गई आक्रामक टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से थोड़ी नीचे आ गई हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी। आइए बिजनेस राउंडअप में इन खबरों पर विस्तार से एक नजर डालें।विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि की चिंता के कारण बुधवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई।


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
इस 2025 शुरु करे अपनी Fintech Company और बनाएँ
अपना खुद का Multi Recharge Software
ADMIN PANEL
API PANEL
आपका भरोसा, हमारी पहचान PlanetC Technology सदा आपके साथ
Software / Api Panel / All other Validation
B2B B2C Software | AEPS DMT Software | White Lebal Software | HRMS Software | Multi Recharge Software
| CRM Software | School Software | News Software | Inventory Software | Ecommerce Software
Rs.60,000
मात्र
Rs. 50,000
Account Opening
DMT (MoneyTransfer)
DTH Recharge
AEPS
CMS Service
Fastag Recharge
Insurance
Utility Bills
Postpaid Recharge
PlanetC Technology की विश्वसनीय वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाएं
और अपने जीवन को बेहद सरल बनाएं।
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300
Follow us on:/


PLANET NEWS
हर खबर सच के साथ
INDIA
PROMOTE YOUR
BUSSINESS ON
NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat
Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL
OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612

# Asia Cup: सफलता के बावजूद सूर्यकुमार यादव की फॉर्म ने भारत के लिए बढ़ाई चिंता, क्या पड़ रहा कप्तानी का दबाव?

सूर्यकुमार यादव बल्ले से चमक बिखेरने में लगातार असफल हो रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में यह देखने को मिला कि जैसे ही अभिषेक आउट हुए भारत की रनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। मध्यक्रम के बल्लेबाज या तो सस्ते में पवेलियन लौटे या उन्हें रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा।भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए लगातार पांच मैच जीतकर एशिया कप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने बुधवार को सुपर चार चरण के मैच में बांग्लादेश को हराकर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारतीय टीम का प्रदर्शन मौजूदा टूर्नामेंट में काफी अच्छा रहा है और टीम अजेय बनी हुई है। भारत को लगातार सफलता मिल रही है, लेकिन कप्तान सूर्यकुमार यादव की फॉर्म ने उसके लिए चिंता बढ़ा दी है। भारत को फाइनल से पहले अब शुक्रवार को श्रीलंका का सामना करना है।




टीम इस मैच में अपना मजबूत और कमजोर पक्ष दोनों को देखना चाहेगी क्योंकि खिताब के इतने करीब आकर सूर्यकुमार की अगुआई वाली टीम कोई गलती करने से बचना चाहेगी। बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल पिछले दो मैचों से टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं। अभिषेक ने सामने से जिम्मेदारी निभाई है और लगातार दो मैच में अर्धशतक लगा चुके हैं। दूसरी ओर, सूर्यकुमार यादव बल्ले से चमक बिखेरने में लगातार असफल हो रहे हैं

# IND vs PAK







रऊफ की पत्नी मुजना मसूद मलिक का भी पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने रऊफ की आपत्तिजनक तस्वीर साझा की। हालांकि, विवाद होने पर उन्होंने पोस्ट डिलीट कर लिया। पाकिस्तान और भारत के बीच हुए एशिया कप 2025 सुपर 4 मैच में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। यह इस टूर्नामेंट में भारत के किलाफ पाकिस्तान टीम की दूसरी हार रही। हालांकि, शर्मनाक खेल दिखाने के बावजूद पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हो रही है। पाकिस्तान की टीम अपने खेल की वजह से नहीं, बल्कि बचकानी और आपत्तिजनक हरकतों की वजह से चर्चा में है।साहिबजादा फरहान और हारिस रऊफ ने मैदान पर विवादित और अपमानजनक इशारा किया था। अब रऊफ की पत्नी मुजना मसूद मलिक का भी पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने रऊफ की आपत्तिजनक तस्वीर साझा की। हालांकि, विवाद होने पर उन्होंने पोस्ट डिलीट कर लिया।

# Ganguly CAB Chief

## सौरव गांगुली निर्विरोध चुने गए बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष, छह साल बाद सीएबी में हुई वापसी



अध्यक्ष बनने के बाद गांगुली ने ईडन गार्डन्स की दर्शक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया और बताया कि उनका लक्ष्य दर्शक क्षमता को एक लाख तक करना है।
भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली सोमवार को निर्विरोध बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष चुने गए हैं। गांगुली को सीएबी की वार्षिक आम बैठक के दौरान अगला अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही उन्होंने छह साल बाद राज्य क्रिकेट संघ में वापसी की है। इससे पहले वह 2015 से 2019 तक सीएबी के अध्यक्ष रह चुके हैं। फिर उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का अध्यक्ष पद संभाला था।




# Quinton de Kock

## डिकॉक ने वनडे से संन्यास के फैसले पर लिया यू-टर्न, पाकिस्तान दौरे के लिए टीम में शामिल

डिकॉक ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था। विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक 2024 टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम का हिस्सा थे और इसके बाद से उन्होंने फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर ध्यान देना शुरू किया था।क्विंटन डिकॉक ने वनडे से संन्यास के फैसले पर यू-टर्न लिया है और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है। डिकॉक ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था। उन्होंने उस वैश्विक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था और 594 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका का सफर हालांकि, सेमीफाइनल में थम गया था। विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक 2024 टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम का हिस्सा थे और इसके बाद से उन्होंने फ्रेंचाइजी क्रिकेट पर ध्यान देना शुरू किया था।

# Ashwin-Abhishek: अश्विन को भरोसा

## सीमित ओवर क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनेंगे अभिषेक; जमकर सराहा




अभिषेक मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पा रहे थे। उन्होंने हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ इस तिलिस्म को भी तोड़ा और अर्धशतक लगाने में सफल रहे।
भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ दमदार बल्लेबाजी कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी छाप छोड़ दी है। अभिषेक की पारी देखकर पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन भी खुद को उनकी तारीफ करने से नहीं रोक सके। अश्विन ने भरोसा जताया कि अश्विन भविष्य में सीमित ओवर क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बनेंगे।अभिषेक की 39 गेंद पर 74 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने रविवार को एशिया कप के सुपर चार चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को आसानी से छह विकेट से मात दी।

# Tendulkar vs Dravid

## जब अर्जुन तेंदुलकर और समित द्रविड़ आए आमने-सामने, क्रिकेट के मैदान पर हुआ रोमांचक मुकाबला





अर्जुन गोवा की टीम की ओर से खेल रहे थे, जबकि समित केएससीए सेक्रेटरी XI की ओर से मैदान पर थे। दोनों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिली। आइए जानते हैं क्या हुआ...क्रिकेट जगत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और समित द्रविड़ भी अब अपने क्रिकेट करियर में नाम कमाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में दोनों के बीच के थिम्मप्पैया मेमोरियल टूर्नामेंट में आमने-सामने मुकाबला हुआ।मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी अर्जुन तेंदुलकर ने इस मुकाबले में समित द्रविड़ को आउट कर दिया। समित ने 26 गेंदों में नौ रन बनाए और इस दौरान दो चौके भी लगाए, लेकिन अर्जुन ने उन्हें कैच आउट करा दिया। अर्जुन गोवा की टीम की ओर से खेल रहे थे, जबकि समित केएससीए सेक्रेटरी XI की ओर से मैदान पर थे।डॉ. (कैप्ट) के थिम्मप्पैया मेमोरियल टूर्नामेंट कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (KSCA) द्वारा आयोजित आमंत्रण-आधारित प्रतियोगिता है। यह टूर्नामेंट इस महीने की शुरुआत में शुरू हुआ। पहले मैच में ही अर्जुन तेंदुलकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइफर लेकर टीम को जीत दिलाई थी।